**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 250**

**04 फ़रवरी, 2025 को उत्तर के लिए नियत**

**"झारखंड में सीपीएसयू द्वारा प्रशिक्षुता कार्यक्रम"**

250. **श्री दुलू महतो**:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या झारखंड राज्य में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसयू) द्वारा कोई प्रशिक्षुता कार्यक्रम आयोजित किया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) पिछले 10 वर्षों के दौरान सीपीएसयूवार और वर्षवार कुल नामांकनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक सीपीएसयू में नियोजित ऐसे प्रशिक्षुओं की संख्या, यदि कोई हो, वर्षवार कितनी है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) और (ख):** भारी उद्योग मंत्रालय की झारखंड राज्य में केवल एक सीपीएसयू नामतः हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड है और प्रशिक्षुता कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

**(ग):** हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए वर्षवार नामांकन संलग्नक में दिए गए हैं।

**(घ) और (ङ):** पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी प्रशिक्षु को परिनियोजित नहीं किया गया क्योंकि कंपनी वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रही है।

| **सीपीएसयू का नाम** | **वर्ष** | **प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एटीएस)** | **राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस)** |
|---|---|---|---|
| हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचईसी) | 2015-16 | 149 | 0 |
| | 2016-17 | 68 | 84 |
| | 2017-18 | 148 | 50 |
| | 2018-19 | 176 | 142 |
| | 2019-20 | 180 | 0 |
| | 2020-21 | 180 | 125 |
| | 2021-22* | 0 | 0 |
| | 2022-23 | 0 | 0 |
| | 2023-24 | 0 | 0 |
| | 2024-25 | 0 | 0 |

* कंपनी की वित्तीय बाधाओं के कारण 2021-22 से ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं चलाया गया था।

*****